दिनांक- 29.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 267/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 29.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 29.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 268/26

# महोबा पुलिस

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान...।

- आज दिनांक 29.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।
- अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।
- पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।
- इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।





दिनांक- 29.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 270/26

# महोबा पुलिस

## उपकारागार महोबा का त्रैमासिक निरीक्षण सम्पन्न, नवनिर्मित मुलाक़ात शेड का हुआ उद्घाटन...।

- आज दिनांक 29.06.2026 को मा0 जिला जज श्री राम नगीना यादव, जिलाधिकारी महोबा श्रीमती ग़ज़ल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा उपकारागार महोबा का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपकारागार परिसर में नवनिर्मित मुलाक़ात शेड का उद्घाटन भी किया गया, जिससे बंदियों एवं उनके परिजनों को बेहतर एवं सुव्यवस्थित मुलाक़ात सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।
- निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महिला एवं पुरुष बंदियों की आवासीय बैरकों, भोजनालय, चिकित्सालय, पाठशाला, स्वच्छता व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
- इस अवसर पर जेल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री के प्रवेश को पूर्णतः रोकने हेतु प्रभावी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। साथ ही बंदियों के कल्याण एवं सुधारात्मक गतिविधियों के प्रभावी संचालन पर भी विशेष बल दिया गया।
- अधिकारियों ने निर्देशित किया कि उपकारागार में सुरक्षा, अनुशासन एवं मानवीय मूल्यों के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं का गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे बंदियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।
- इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उपकारागार अधीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।





# महोबा पुलिस

दिनांक- 29.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 271/26

## सर्किल नगर थाना खन्ना

## थाना खन्ना पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष थाना खन्ना जनपद महोबा की देखरेख में चलाए जा रहे वांछित/वारंटी अभियान के दृष्टिगत पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

उक्त क्रम में दिनांक 29.06.2026 को उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह मय हमराह कां0 राहुल कुमार द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र चुन्नीलाल, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी वार्ड नं0 13 कस्बा व थाना खन्ना जनपद महोबा को सम्बन्धित क्रिमिनल केस सं0 3644/2020 व अ0सं0 111/2020 धारा 269 बीएनएस (माननीय न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन/मजिस्ट्रेट महोबा) में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. सुनील कुमार पुत्र चुन्नीलाल, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी वार्ड नं0 13 कस्बा व थाना खन्ना जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह
2. कां0 राहुल कुमार

